जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक जीविवि/ग्वा/दीक्षांत/2014/ 55 दिनांक 07/03/2014

// अधिसूचना //

महामहिम कुलाधिपति द्वारा प्रदत्त अनुमति के परिपालन में दीक्षांत समारोह–2014 का आयोजन दिनांक 28 फरवरी–2014 को किया जाना था, जो महामहिम महोदय की अन्यत्र व्यस्तताओं के कारण स्थगित कर दिया था।

महामहिम महोदय द्वारा दिनांक 28 मार्च–2014 को दीक्षांत कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु तिथि पुर्ननिर्धारित की है।

तद्नुसार सर्वसम्बंधित के सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है कि स्थगित दीक्षांत समारोह दिनांक 28 मार्च–2014 को पूर्वान्हः 10:50 से अपरान्हः 1:55 तक माधवराव सिंधिया जिम्नेजियम, क्रीड़ा परिसर में आयोजित किया जावेगा।

ऐसे आवेदक जो इस समारोह में प्रतिभागिता हेतु पूर्व में आवेदन कर चुके है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

ऐसे पात्र आवेदक जो कतिपय कारणवशः अपना आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सके है, वे इस समारोह में उपाधि प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रपत्र पर समस्त विवरण अंकित करते हुए रु. 250/-पंजीयन शुल्क के रुप में एम.पी. ऑनलाईन/सेन्ट्रल बैंक चालान/ड्राफ्ट जो कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम से देय हो, संलग्न करते हुए दिनांक 20 मार्च–2014 तक आवेदन कर सकते है।

पीएच.डी. उपाधि धारकों हेतु पंजीयन शुल्क रुपये 250/– के साथ उपाधि शुल्क रुपये 280/–, कुल रुपये 530/– जमा करना हैं। स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता को भी पंजीयन शुल्क रुपये 250/– जमा करना होगा।

प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में सत्र 2011–12 एवं 2012–13 में विभिन्न संकायों में स्नातकोत्तर, एम.फिल., पीएच.डी. स्तर की उपाधि एवं स्वर्ण पदक तथा नगद पुरस्कार दिये जावेगे।

कुलपति जी के आदेशानुसार

समन्वयक

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ प्रेषितः—

1. कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, भोपाल।
2. मुख्यमंत्री का सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
3. उच्च शिक्षा, मंत्री के सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
4. प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल।
5. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
6. कुलपति/कुलसचिव, समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
7. सहायक कुलसचिव (परीक्षा) कृपया आवेदन प्राप्त कर, उपाधियां तैयार कराए जाना सुनिश्चित करें।
8. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
9. समस्त विभागाध्यक्ष/विभागाधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
10. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
11. संपादक, स्थानीय समाचार पत्रों की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना अपने लोक प्रिय समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
12. श्री संजय वरतरिया, समन्वयक, ई–गवर्निंग सैल उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

समन्वयक, दीक्षांत